the pioneer

सोमवार, 5 अक्टूबर 2020

# 'A teacher should not only be talented but also helpful'

PIONEER NEWS SERVICE ■ VARANASI

Laying an emphasis on the importance of teachers in present time, the Vice-Chancellor of Mahatma Gandhi Kashi Vidyapeeth (MGKV) Prof TN Singh said, 'A teacher should not only be talented but also be excellent, accumulative, exclusive, helpful and motivational.'

Delivering inaugural speech as chief guest in week long Faculty Development Programme (FDP) being organised by School of Management Sciences, an Initiative of SMS IQAC, Varanasi on 'Acumen for multiple management in academia', Prof Singh stressed that research is a continuous and dynamic process and elaborated about nuances of drafting research project. The purpose of FDP is to recharge and reactivate the academic scholars, he said further. The theme of FDP is 'Compiling research project'.




MGKV V-C Prof TN Singh receiving memento from SMS Director Prof PN Jha in Varanasi on Saturday Pioneer

In any project proposal, the objective should be laid out clearly, precisely and lucidly he said adding, also the methodology while drafting the proposal should be carefully thought and well documented. Selection of data in methodology is very important as wrong data will lead to faulty findings and therefore, validation of data is required, he said and citing many anecdotes added that objectives methodology, deliverables and funding are the key elements of any project proposal.

Earlier, the Director of SMS Prof PN Jha felicitated Prof Singh with memento and said while highlighting on the theme that teaching profession is a sacred intellectual pursuit and the way cognitive landscape is changing demands more skilled teachers and academic scholars. The convener of the programme Dr Amitabh Pandey briefly explained the details of FDP. Dr Purnendu Kumar Patra conducted the proceeding and Prof Sandeep Singh proposed vote of thanks at last. Executive secretary of institute Dr MP Singh and the registrar Sanjay Gupta was also present on the occasion.

दैनिक जागरण
वाराणसी, 4 अक्टूबर, 2020

## एसएमएस में फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम शुरू

वाराणसी (वि.) : स्कूल आफ मैनेजमेंट साइंसेज (एसएमएस) की खुशीपुर शाखा में शनिवार को एसएमएस आइक्यूएसी की पहल के तहत सप्ताहव्यापी फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम शुरू किया गया। एक्यूमेन फार मल्टीपल मैनेजमेंट इन एकेडमिया विषयक प्रोग्राम का बतौर मुख्य अतिथि काशी विद्यापीठ के कुलपति प्रो. टीएन सिंह ने उद्घाटन किया। स्वागत निदेशक पीएन झा, धन्यवाद ज्ञापन डीन प्रो. संदीप सिंह, संचालन एसोसिएट प्रोफेसर पुर्णेंदु झा व संयोजन एसोसिएट प्रोफेसर अमिताभ पांडेय ने किया।

अमर उजाला

सोमवार, 5 अक्तूबर 2020

## स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज में फैकल्टीज डेवलपमेंट प्रोग्राम हुआ शुरू

वाराणसी। स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज (एसएमएस) के आईक्यूएसी की पहल पर खुशीपुर कैंपस में एक्यूमेन फॉर मल्टीपल डेवलपमेंट मैनेजमेंट इन एकेडेमिया पर एक हफ्ते का फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम शुरू हुआ। उद्घाटन सत्र पर बतौर मुख्य अतिथि काशी विद्यापीठ के कुलपति प्रो. टीएन सिंह उपस्थित रहे। उन्होंने वर्तमान दौर की शिक्षा में शोध की महत्ता पर बल दिया। संस्था के




निदेशक प्रो. पीएन झा ने शिक्षकों द्वारा कोविड काल के दौरान शैक्षणिक कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम के संयोजक एसोसिएट प्रोफेसर अमिताभ पांडेय ने प्रोग्राम की रूपरेखा के बारे में बताया। इस मौके पर डीन प्रो. संदीप सिंह, सहायक प्रवक्ता पुर्णेंदु पात्रा, डॉ. एमपी सिंह, कुलसचिव संजय गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय सहारा

वाराणसी। रविवार • 4 अक्टूबर • 2020

# एसएमएस में फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम शुरू

## शोध में पारंगत शिक्षक समाज का भी करता है विकास : प्रो. टीएन सिंह

**वाराणसी (एसएनबी)।** स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज (एसएमएस) आईक्यूएसी की पहल के अन्तर्गत सप्ताहव्यापी फेकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम के तहत एक्यूमेन फार मल्टीपल मैनेजमेंट इन एकेडिमिया का खुशीपुर स्थित परिसर में उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। सत्र के मुख्य अतिथि महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के कुलपति प्रो. टीएन सिंह ने कहा कि शोध एक निरंतर प्रक्रिया है जोकि परिवर्तनशील है। शोध में पारंगत होकर एक शिक्षक न केवल विद्यार्थी की मदद करता है बल्कि सामाजिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

संस्थान के निदेशक प्रो. पीएन झा ने शिक्षकों द्वारा कोविड काल में किये गये कार्यो की सराहना की। तथा कहा कि नयी शिक्षा नीति




में परिवर्तन संभावित है लिहाजा हम सब अपने को परिवर्तित करते हुए उनके अनुरुप ढाल लें। कार्यक्रम संयोजक एसोसिएट प्रोफेसर अमिताभ पांडेय ने कार्यक्रम की रुपरेखा प्रस्तुत की। इस दौरान प्रो. झा ने प्रो. टीएन सिंह को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। संस्थान के डीन प्रो. संदीप सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित किया। संचालन पुर्णेन्द्र पात्रा ने किया। कार्यक्रम में अधिशासी सचिव डॉ. एमपी सिंह, कुलसचिव संजय गुप्ता व शिक्षकगण उपस्थित रहे।

SMART
हिन्दुस्तान
रविवार, 04 अक्तूबर 2020, वाराणसी,




काशी विद्यापीठ के वीसी प्रो. टीएन सिंह को स्मृति चिह्न देते प्रो. पीएन झा।

## जो शिष्य को शिखर पर ले जाए वही शिक्षक

**वाराणसी।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के कुलपति प्रो.टीएन सिंह ने कहा है कि शोध में पारंगत हो कर एक शिक्षक न केवल विद्यार्थी की मदद करते है, बल्कि सामाजिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। शिक्षक वही हे जो शिष्य को शिखर पर ले जाए। प्रो.सिंह शनिवार स्कूल आफ मैनेजमेंट साइंसेज (एसएमएस) में आयोजित फैकल्टी डेवलपमेंट कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। संस्थान के निदेशक प्रो.पीएन झा ने उनका स्वागत किया। कार्यक्रम में अमिताभ पांडेय, प्रो.संदीप सिंह, कुलसचिव संजय गुप्ता आदि मौजूद थे।

दैनिक जागरण

Varanasi, 4 October 2020

inext

# शोध से समाज की मदद

**एसएमएस में कार्यक्रम का आयोजन**




**VARANASI (3 Oct):** स्कूल ऑफ मैनेजमेंट सांइसेज खुशीपुर में शनिवार को फैकेल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम एफडीपी शीर्षक एक्यूमेन फॉर मल्टीपल मैनेजमेंट इन एकेडेमिया का उद्घाटन किया गया. महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के कुलपति प्रो. टीएन सिंह ने एफडीपी प्रोग्राम का उद्घाटन किया. इस दौरान कुल प्रो. टीएन सिंह ने कहा कि शोध एक निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है जो परिवर्तनशील होती है. उन्होंने कहाकि शोध में पारंगत होकर शिक्षक न केवल विद्यार्थी की मदद करता है बल्कि पूरे समाज की मदद करता है. इसके अलावा संस्थान के प्रो. पीएन झा ने कोरोना काल में शिक्षकों द्वारा किए गए ऑनलाइन शिक्षण कार्य की सराहना की. कार्यक्रम का संयोजन एसोसिएट प्रोफेसर अमिताभ पांडेय ने किया. इस मौके पर पुर्णेंदु पात्रा, डॉ. एमपी सिंह, संजय गुप्ता सहित कई शिक्षक मौजूद रहे.

हिन्दुस्तान
रविवार, 04 अक्तूबर 2020, वाराणसी,




काशी विद्यापीठ के वीसी प्रो. टीएन सिंह को स्मृति चिह्न देते प्रो. पीएन झा।

## जो शिष्य को शिखर पर ले जाए वही शिक्षक

**वाराणसी।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के कुलपति प्रो.टीएन सिंह ने कहा है कि शोध में पारंगत हो कर एक शिक्षक न केवल विद्यार्थी की मदद करते है, बल्कि सामाजिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। शिक्षक वही हे जो शिष्य को शिखर पर ले जाए। प्रो.सिंह शनिवार स्कूल आफ मैनेजमेंट साइंसेज (एसएमएस) में आयोजित फैकल्टी डेवलपमेंट कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। संस्थान के निदेशक प्रो.पीएन झा ने उनका स्वागत किया। कार्यक्रम में अमिताभ पांडेय, प्रो.संदीप सिंह, कुलसचिव संजय गुप्ता आदि मौजूद थे।